माननीय राज्यपाल
राजस्थान का उद्बोधन

रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन

रोटरी प्रतीक्षालय लोकार्पण समारोह (वर्चुअल)

दिनांक – 10 दिसम्बर, 2020 **समय – दोपहर 12.00 बजे**

राजभवन, जयपुर

रोटरी क्लब मालपुरा के आज के इस ऑनलाईन लोकार्पण समारोह में उपस्थित रोटरी क्लब के जिला प्रान्तपाल श्री राजेश अग्रवाल तथा उपस्थित अन्य सभी सम्माननीय सदस्यगणों का मैं हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन करता हूं।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन द्वारा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आम जन की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया है। रोगियों के साथ आनेवाले परिजनों के लिए सुविधायुक्त प्रतीक्षालय जरूरी है।

हमारे यहां सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म कहा गया है। अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए कुछ करने का भाव ही मनुष्यता का मर्म है। इसीलिए हमारे यहां तो सूत्र वाक्य ही रहा है–'सेवा परमोधर्म'। यानी दूसरों के लिए कार्य करना, उनकी सेवा ही मनुष्य का धर्म है। मैं यह भी मानता हूं कि राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है किसी न किसी रूप में अपनी मातृभूमि, जन्मभूमि एवं कर्मभूमि की किसी न किसी रूप में सेवा करे। उसके काम आए।

रोटरी इन्टरनेशनल विश्वव्यापी संगठन है। बहुत से अवसरों पर मुझे इस संगठन के कार्य–कलापों में भाग लेने का अवसर मिला है। मुझे यह जानकर सदा ही सुखद लगता रहा है कि आपका यह संगठन मानवीय सेवा के लिए उच्च नैतिक स्तर को बढ़ावा देने के साथ ही शांति और सद्भावना के निर्माण में भी निरन्तर कार्य करता आ रहा है। सेवा को सर्वोपरि रखने के साथ ही बगैर किसी प्रतिफल के कार्य करने के आपके संकल्प का मैं आरम्भ से ही कायल रहा हूं।

मुझे यह बताया गया है कि रोटरी क्लब ने कोविड के इस दौर में मानव सेवा में निरन्तर कार्य किया है। इससे पहले पोलियो उन्मूलन में भी संगठन की जो भूमिका रही है, उसको सभी जानते हैं। मुझे यह बताया गया है कि क्लब मालपुरा में पिछले 11 वर्षों से निरन्त सेवा कार्य किए जा रहे हैं। सेवा के यह कार्य भविष्य में भी आपका संगठन निरन्तर जारी रखेगा, ऐसा विष्वास है।

डिग्गी कल्याणजी राजस्थान का पावन लोकतीर्थ है। मैं स्वयं यहां दर्षन के लिए आने का इच्छुक रहा हूं परन्तु कोविड के इस दौर में चाहकर भी आप सबके

साथ उपस्थित नहीं हो सका हूं। यह ऐसा समय है जब हम सभी को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। मैं इस अवसर पर आप सभी से अपील करता हूं कि कोविड से बचाव के लिए मास्क पहनें, दो गज की दूरी बनाए रखें तथा बार–बार हाथ धोने को आनी आदत में सम्मिलित करें। कोविड का संकट अभी टला नहीं है, इसलिए सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। कोरिया वारियर्स के रूप में काम करने वाले सभी लोगों का मैं हृदय से अभिवादन करता हूं।

'रोटरी क्लब' से मेरा निकट का संबंध रहा है। इस संगठन के सेवा कार्यों के बारे में सदा कुछ न कुछ नया मुझे पढ़ने को मिलता रहता है। मुझे ज्ञात है आपके इस संगठन की स्थापना पेशे से वकील पॉल हैरिस ने कभी अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अमरीका के शिकागो में की थी। उनका स्थापित संगठन आज वटवृक्ष के रूप में पूरे विष्व में फैल चुका है।

मैं इस संगठन के जरिए किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए आप सभी को बधाई और भविष्य की अनन्त

शुभकामनाएं देता हूं। पुनः आप सभी को बधाई और आभार। जयहिन्द!